# LIDA Stories

lidastories.net

## सुबह-सुबह पक्षियों की आवाज़ / O som dos pássaros pela manhã

✎ LIDA Portugal
Vilius Aistis Vilimas
Pratibha Singh (hi), Elsa Teixeira (pt)

This work is licensed under a Creative Commons Attribution 4.0 International License.
https://creativecommons.org/licenses/by/4.0

## सुबह-सुबह पक्षियों की आवाज़

## O som dos pássaros pela manhã

✎ LIDA Portugal
Vilius Aistis Vilimas
Pratibha Singh

5

हिन्दी hi / português pt

यूलिया, उसके पति और उनकी छोटी बेटी युक्रेन के एक छोटे से शांत गाँव में रहते थे। यूलिया को हर सुबह पक्षियों की आवाज़ से जागना बहुत पसंद था। उसने कभी नहीं सोचा था कि वह घर से बहुत दूर रहेगी या सुबह-सुबह उठाने के लिए उसे पक्षियों की आवाज़ें नहीं आएँगी।

. . .

Yulia, o seu marido e a sua filha pequena viviam numa pequena e tranquila aldeia na Ucrânia. Yulia adorava ser acordada todas as manhãs pelo som dos pássaros. Ela nunca pensou em viver longe de casa ou não acordar ao som dos pássaros pela manhã.

उसके पति को पर्याप्त पैसा ना होने की हमेशा शिकायत रहती थी और वह बहुत ज़्यादा शराब पीने लगा था। उन्होंने पुर्तगाल में अपनी किस्मत आज़माने का फ़ैसला किया। हो सकता है कि वहाँ वे एक घर और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए अधिक पैसा कमा सकें।

. . .

O marido estava sempre a queixar-se de ter pouco dinheiro e começou a beber muito. Decidiram tentar a sua sorte em Portugal. Talvez lá pudessem ganhar mais dinheiro para construir uma casa e um futuro melhor para a sua família.

यूलिया अपने नए घर में बहुत अच्छे से ढल गई और उसने क्लीनर के रूप में काम करना शुरू कर दिया। उसके ग्राहकों ने वास्तव में उसकी कड़ी मेहनत और उसके विनम्र स्वभाव की सराहना की। दूसरी ओर, उसके पति ने महसूस किया कि वह सबसे और भी दूर हो गया है। उसके पीने की आदत की वजह से, मालिकों ने उस पर भरोसा करना और काम देना बंद कर दिया।

• • •

Yulia adaptou-se bem à sua nova casa e começou a trabalhar como empregada de limpeza. Os seus clientes apreciaram muito o seu trabalho árduo e a sua atitude educada. O seu marido, por outro lado, sentiu-se cada vez mais excluído. Devido ao seu problema com a bebida, os patrões não confiavam nele e não lhe davam trabalho.

यूलिया एक महिला आश्रयस्थल में गई, जहाँ लंबे अर्से बाद उसने इतना सुरक्षित महसूस किया। उसने ऐसा कई समय से महसूस नहीं किया था। उसको आखिरी बार यह एहसास तब हुआ था जब उसकी नींद सुबह-सुबह पक्षियों की आवाज़ से खुला करती थी।

. . .

Yulia foi para um abrigo para mulheres onde se sentiu segura, como há muito não se sentia. Ela não se sentia assim desde o tempo em que era acordada pelo ao dos pássaros pela manhã.



एक दिन उसने यूलिया पर चिल्लाना शुरू कर दिया। फिर, उसने उसे धक्का देना शुरू कर दिया। चूँकि वह नशे में था इसलिए चिल्लाना और मारपीट करने का सिलसिला बद से बदतर हो गया। यूलिया अपने और अपनी बेटी के लिए डरती थी, लेकिन उसे ज़रा भी अंदाज़ा नहीं था कि वह क्या कर सकती थी।

. . .

Um dia, começou a gritar com Yulia. Depois, começou a empurrá-la. Os gritos e as agressões pioraram, especialmente quando ele estava bêbedo. Yulia tinha medo por si e pela sua filha, mas não fazia ideia do que poderia fazer.

आखिरकार जब यूलिया को टूटी बाँह के साथ अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में जाना पड़ा, तो उन्होंने उसे बताया कि पुर्तगाल में घरेलू हिंसा एक बड़ी समस्या थी। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक अपराध था और उसे पुलिस को इसकी सूचना देनी चाहिए।

. . .

Finalmente, quando Yulia teve de ir para as urgências do hospital com o braço partido, disseram-lhe que a violência doméstica era um enorme problema em Portugal. Disseram também que era um crime e que ela devia denunciá-lo à polícia.



यूलिया थक गई थी और वह नहीं चाहती थी कि उसकी छोटी बेटी एक ऐसे घर में बड़ी हो जहाँ उसने हर दिन हिंसा देखी हो। यूलिया को एहसास हुआ कि दुर्व्यवहार के संकेत उसके साथ हमेशा मौजूद रहे, भले उसके रूप बदलते रहे हों।

. . .

Yulia estava exausta e não queria que a sua filhinha crescesse num lar onde assistia a violência todos os dias. Yulia apercebeu-se que os sinais de abuso tinham estado sempre presentes, mesmo que tivessem assumido muitas formas diferentes.